सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक
https://www.facebook.com/sabgurunews/
वेबसाइट लिंक
https://www.sabguru.com/
यूट्यूब चैनल लिंक
https://www.youtube.com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/
English Article Link:
https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-under-standing-the-feel-good-hor-mone/

SABGURU NEWS

RNI TITLE CODE NO. RAJBIL27046

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

खबरों के लिए स्कैन करें

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

वर्ष 2 | अंक 1 | अजमेर, मंगलवार 25 जून 2024 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4


## सम्पादकीय

## लोकसभा के सत्र नई उम्मीदों को पंख लगाये

अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू चुका है जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। तीन जुलाई तक दस दिन के लिये चलने वाले इस सत्र में दो दिन नए सांसदों को शपथ दिलाई जायेगी। बुधवार को नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा जबकि गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। लोकसभा सत्र में विपक्ष इस बार अपनी बढ़ी हुई शक्ति का एहसास कराते हुए आक्रामक होने से नहीं चूकेगा। यही वजह है विपक्ष ने सत्र से पहले परीक्षा में गड़बड़ी, अग्निवीर व प्रोटेम स्पीकर जैसे मुद्दों को लेकर आक्रामक रुख दिखाने की रणनीति बनाई है। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में भी सत्ता पक्ष को घेरने की कोशिशें होती हुई दिख रही है। वैसे भी वह पहले ही सत्ता पक्ष के गठबंधन के सहयोगियों को लोकसभा अध्यक्ष पद की मांग के लिए उकसाने में लगा हुआ है एवं वहीं स्वयं के लिये लोकसभा के उपाध्यक्ष पद की मांग कर रहा है। विपक्ष ने प्रोटेम अध्यक्ष की नियुक्ति के अलावा नीट.यूजी पेपर लीक व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के स्थगित होने के मामले में सरकार को घेरने एवं संसदीय कार्रवाई को बाधित करने की रणनीति बनाई है जिससे पहले दिन ही हंगामे के परिदृश्य देखने को मिल रहे हैं। बेहतर संख्या बल के चलते विपक्ष का उत्साहित होना स्वाभाविक है और उसके नेताओं की ओर से विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर सरकार को कठघरे में खड़ा करने की तैयारी में भी कुछ अनुचित नहीं लेकिन इस तैयारी के नाम पर संसद में हंगामा और शोरशराबा करके ऐसी परिस्थितियां नहीं पैदा की जानी चाहिए जिससे संसद चलने ही न पाए। एक लंबे समय से यह देखने में आ रहा है कि विभिन्न मुद्दों पर सरकार से जवाबदेही के नाम पर विपक्ष संसद में हंगामा और अव्यवस्था पैदा करना उचित समझता आ रहा हैए उसके तेवर इस बार ज्यादा ही उग्र एवं उत्तेजिक दिख रहे हैं जो संसदीय परम्परा के लिये दुर्भाग्यपूर्ण है। सांसद चाहे जिस दल के हो उनसे शालीन एवं सभ्य व्यवहार की अपेक्षा की जाती है। लेकिन सांसद अपने दूषित एवं दुर्जन व्यवहार से संसद को शर्मसार करते हैं तो यह लोकतंत्र के सर्वोच्च मन्दिर की गरिमा के प्रतिकूल है। संसद राष्ट्र की सर्वोच्च संस्था है। देश का भविष्य संसद के चेहरे पर लिखा होता है। यदि वहां भी शालीनता, मर्यादा एवं सभ्यता का भंग होता है तो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने के गौरव का आहत होना निश्चित है। आजादी के अमृतकाल तक पहुंचने के बावजूद भारत की संसद यदि सभ्य एवं शालीन दिखाई न दे तो ये स्थितियां दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण ही कही जायेगी। एक बार फिर ऐसी ही त्रासद स्थितियों से रू.ब.रू होने की स्थितियां बनना एक चिन्तनीय प्रश्न है। संसद की सार्थकता केवल इसमें नहीं है कि वहां विभिन्न मुद्दे उठाए जाएं बल्कि इसमें है कि उन पर गंभीर एवं शालीन तरीके से चर्चा होकर राष्ट्रहित में प्रभावी निर्णय लिये जाये। दुर्भाग्य से संसद में राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर ऐसी कोई चर्चा कठिनाई से ही होती है जिससे देश को कोई दिशा मिल सके और समस्याओं के समाधान खोजे जा सके। उचित यह होगा कि संसद में दोनों ही पक्ष संसदीय कार्यवाही के जरिये एक उदाहरण पेश करें नयी संभावनाओं एवं सौहार्द का वातावरण बनाते हुए नई उम्मीदों एवं संकल्पों के सत्र के रूप में इस सत्र एवं आगे के सत्रों का संचालन होने दें।अठारहवीं लोकसभा के पहले सत्र को लेकर उत्सुकता एवं कुतूहल का वातावरण पक्ष.विपक्ष के नवनिर्वाचित सांसदों में ही नहीं बल्कि आम जनता में भी है। गठबंधन की स्थितियों के कारण यह लोकसभा पिछली लोकसभा से भिन्न होगी। इस बार विपक्ष का संख्या बल कहीं अधिक है और सत्तापक्ष गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहा है। यद्यपि यह गठबंधन सरकार अतीत की गठबंधन सरकारों से भिन्न है क्योंकि उसका नेतृत्व करने वाला दल यानी भाजपा बहुमत से कुछ ही पीछे है। इसके बावजूद संसद में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच टकराव देखने को मिल सकता है।

# तीसरे कार्यकाल में तीन गुना बेहतर तरीके से चलाएंगे सरकार -मोदी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 18वीं लोकसभा की कार्यवाही शुरु होने से पहले सोमवार को चुनकर आए सांसदों का अभिवादन करते हुए सभी से जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरने का आग्रह किया और कहा कि वह सबकी सहमति से सरकार चलाएंगे इसलिए उन्हें उम्मीद है कि विपक्ष जिम्मेदारी से काम कर जन भावनाओं पर खरा उतरेगा। मोदी ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के 65 करोड़ लोगों ने 18वीं लोकसभा के प्रतिनिधियों को आकांक्षाओं के साथ चुनकर भेजा है। जनता ने जो भरोसा जताया है हम सबको मिलकर उनकी आकांक्षाओं पर खरा उतारना होगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वह सबकी सहमति से सरकार चलाएंगे और विपक्षी दलों से उम्मीद जताई है कि वे भी जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतर कर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में आज का दिन गौरव का दिन है। आजादी के बाद पहली बार हम अपने बनाये नये संसद भवन में शपथ लेने जा रहे हैं। अब तक यह प्रक्रिया पुराने संसद भवन में हुआ करती थी। आज का दिन विशेष महत्वपूर्ण है और इस अवसर पर मैं सभी नवनिर्वाचित सांसदों का अभिनंदन करता हूं और सबको शुभकामनाएं देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत 1947 जैसे कई संकल्पना को लेकर आज 18वीं लोकसभा का आरंभ हो रहा है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का चुनाव बड़े शांत और गौरवपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ है। यह हम सबके लिए गौरव की बात है। करीब 65 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं ने चुनाव में हिस्सा लिया। उन्होंने 2024 के चुनाव को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि यह चुनाव महत्वपूर्ण है क्योंकि आजादी के बाद दूसरी बार किसी सरकार को लगातार तीसरी बार सेवा करने के लिए देश की जनता ने अवसर दिया है और यह अवसर लंबे समय बाद देश में आया है इसलिए यह सब हम सबके लिए गौरव का विषय है। जनता ने तीसरे कार्यकाल के लिए हमारी सरकार को मौका दिया और इसका मतलब है कि उन्होंने हमारे काम पर भरोसा किया है और उस पर मुहर लगाई है। इसके लिए मैं देशवासियों का आभार व्यक्त करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश चलाने के लिए सहमति होती है और सरकार बनाने के लिए बहुमत होता है इसलिए हमारा लक्ष्य है कि सबको साथ लेकर और सबकी सहमति से देश की जनता की सेवा करना है। देश के 140 करोड लोगों की आशा और आकांक्षाओं को पूरा करना है। हम सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं सबको साथ संविधान की मर्यादाओं का पालन करते हुए विकास को गति देना चाहते हैं। यह खुशी की बात है कि 18वीं लोकसभा में युवा सांसदों की संख्या अच्छी खासी है। आपातकाल को लोकतंत्र के लिए काला धब्बा बताते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग देश के संविधान के प्रति समर्पित हैं देश के लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए निष्ठावान हैए उनके लिए 25 जून ना भूलने वाली तिथि है क्योंकि 25 जून को भारत के लोकतंत्र पर धब्बा लगा थाए उसके 50 साल कल पूरे हो रहे हैं। भारत के लोग कभी नहीं भूलेंगे कि इस दिन लोकतंत्र को पूरी तरह से दबोच दिया गया था। आपातकाल देश के संविधान में काला धब्बा था। हम संकल्प करेंगे कि संविधान के अनुसार जन सामान्य के सपनों को पूरा करना है और अब कोई दूसरी बार कभी भी देश में दूसरा आपातकाल नहीं लग सकेगा।

उन्होंने कहा कि देश की जनता ने तीसरी बार मौका दिया है। यह बहुत ही महान विजय है और अब हमारा दायित्व भी तीन गुना बढ़ गया है इसलिए देशवासी विश्वास दिलाता हूं कि हमारे पास दो बार सरकार चलाने का अनुभव है और हम पहले की अपेक्षा तीन गुना बेहतर सरकार चलाएंगे।मोदी ने कहा कि हम नए कार्यभार को लेकर आगे चल रहे हैं। सभी सांसदों से देश को बहुत अपेक्षा है इसलिए सबसे आग्रह करुंगा कि जनहित के लिए मील अवसर का उपयोग करें और हर संभव जनहित में कदम उठाएं। प्रधानमंत्री ने विकसित दलों से भी जनहित के काम करने की अपील करते हुए कहा कि देश की जनता को विपक्ष से अच्छे कदमों की अपेक्षा हैं। अब तक उससे निराश मिली है लेकिन अब उम्मीद है कि विपक्ष जनता की आकांक्षाओं पर खराब उतरेगा।उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि देश को अच्छे और जिम्मेदार विपक्ष का आवश्यकता है और हमें विश्वास है कि 18वीं लोकसभा में जो सांसद जीत कर आए हैं वे लोगों की आकांक्षा को पूरा करेंगे। देश को आगे बढ़ने का हम सब का दायित्व है और हम सबको मिलकर जनता के विश्वास पर खरा उतारते हुए आगे बढ़ाना है। देश के 25 करोड़ नागरिकों का गरीबी से बाहर निकलना नया विश्वास पैदा करता है और इससे यह भी विश्वास पैदा होता है कि जल्दी ही भारत को गरीबी से मुक्त करने में सफलता हासिल करेंगे। हमें उम्मीद है कि 18वीं लोकसभा संकल्प का सदन बनेगा ताकि सामान्य नागरिक के सपने साकार हो सभी सांसदों का स्वागत करता हूं अभिनंदन करता हूं और जो देश की जनता ने दायित्व दिया है उसे हम मिलकर के बखूबी निभाएं। प्रधानमंत्री ने 18वीं लोकसभा को शुभ बताया और कहा कि हमारे यहां 18 अंक का बहुत मूल्य है। गीता के 18 अध्याय कर्म कर्तव्य और करुणा का संदेश देते हैं। हमारे यहां पुराणों की संख्या भी 18 है। भारत के अमृत काल मे 18वीं लोकसभा का गठन शुभ संकेत है।

# विपक्ष ने लोकसभा में मोदी को दिखाई संविधान की प्रतियां

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को जैसे ही सदन में 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ लेने के लिए उठे कांग्रेस समेत सभी विपक्षी सदस्य संविधान की प्रतियां लेकर खड़े हो गये जबकि सत्तपक्ष ने मोदी मोदी के नारे लगाने लगे।नव निर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण की कार्यवाही शुरू होते ही अस्थायी अध्यक्ष भर्तृहरि महताब ने सबसे पहले मोदी को सदन की सदस्यता की शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया। मोदी के उठते ही सदन में विपक्ष के तमाम सदस्य संविधान की प्रतियां लेकर अपने-अपने स्थान खड़े हो गये। इसी दौरान सत्तापक्ष ने मोदी मोदी के नारे लगाये। मोदी ने शपथ लेने के बाद हाथ जोड़कर सदन में मौजूद सदस्यों का अभिवादन किया। इस दौरान पहली पंक्ति में बैठे कांग्रेस के राहुल गांधी और समाजवादी के अखिलेश यादव ने भी प्रधानमंत्री का अभिवादन किया। प्रधानमंत्री के शपथ के बाद कांग्रेस के कोडिकोनिल सुरेश और द्रविड़ मुनेत्र कषगम केटीआर बालू का नाम पुकारा गया पर दोनों उस समय सदन में उपस्थित नहीं थे।प्रधानमंत्री के बाद शपथ लेने वालों में क्रमशः भारतीय जनता पार्टी के राधामोहन सिंह और इसी पार्टी के फागन सिंह कुलस्ते का नंबर था। तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंद्योपाध्याय भी पीठासीन अधिकारियों



के पैनल में शामिल हैं लेकिन वह भी शपथ के लिए पुकारे जाने पर सदन में उपस्थित नहीं थे। इसके उपरांत लोकसभा के उपनेता राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन जयराम गडकरी, शिवराज सिंह चौहान समेत सभी कैबिनेट मंत्रियों ने शपथ ली। जनता दल यूनाइटेड के राजीव रंजन सिंह उर्फलल्लन सिंह जैसे ही शपथ लेने के लिए अध्यक्षीय आसन की तरफजाने लगे तभी तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी ने शायराने अंदाज में टिप्पणी करते हुए कहा कि दोस्त दोस्त न रहाए प्यार प्यार न रहा।शपथ लेने के बाद बाद जब सदस्यता रजिस्टर पर हस्ताक्षर करने के लिए जाने लगे तब बनर्जी कहा कि यह हमारे बहुत पुराने दोस्त हैं। इसी प्रकार भाजपा के गिरिराज सिंह जब शपक्ष लेने के लिए आगे बढे तभी बनर्जी ने कहा कि आप बोले और हमारी सीट बढ़ी। भाजपा के धर्मेन्द्र प्रधान जैसे ही शपथ लेने के लिए उठे विपक्षी सदस्यों में नीट- नीट और शर्म करो के नारे लगाने लगे।शपथ ग्रहण के दौरान विपक्ष की ओर पहली पंक्ति में के सुरेश, राहुल गांधी, कल्याण बनर्जी, समाजवादी के अयोध्या से सांसद अवधेश प्रसाद और अखिलेश यादव बैठे थे। इस दौरान राहुल गांधी संविधान की प्रति पढ़ते नजर आए।शपथ ग्रहण समारोह में समाजवादी पार्टी के सभी सदस्य एक साथ आए। सभी लाल टोपी और गले में गमछा डालकर आए। अखिलेश यादव अपने साथ अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद को अपने साथ रखा और पहली पंक्ति में अपने बराबर में बैठाया। वहीं तेलगू देश पार्टी के सदस्य गले में पीला पट्टा डालकर आए।जनता दल सेकूलर के एचडी कुमारास्वामी ने कन्नड़ भाषा में शपथ लिया जबकि सर्वानंद सोनोवाल ने असमी में और तेदेपा के राममोहन नायडू ने तेलगू में शपथ ली। कैबिनेट मंत्रियों के बाद स्वतंत्र प्रभार वाले मंत्रियों में सबसे पहले राव इंद्रजीत सिंह और उसके बाद डा जितेंद्र सिंह ने शपथ ली।



# कोटा में पुलिस ने पानी की बौछार से कांग्रेस कार्यकर्ताओं को खदेड़ा

कोटा। राजस्थान में कोटा में सोमवार को प्रदर्शन के बाद कलेक्टर कार्यालय में घुसने की कोशिश कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को खदेड़ने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिसकर्मियों में हल्की धक्का-मुक्की के बाद पुलिस ने पानी की बौछार से कार्यकर्ताओं को खदेड़ दिया।पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद आम आदमी बिजली-पानी जैसी जनसुविधाओं से वंचित होनेए कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बिगड़नेए महिलाओं के खिलाफ आपराधिक मामले बढ़ने नीट की परीक्षा में धांधली उजागर होने के बाद लाखों बच्चों का भविष्य खतरे में पड़ने के विरोध में यह प्रदर्शन आयोजित किया गया था।

कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने यहां सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए थे। सभा के बाद मांगपत्र देने के लिए कार्यकर्ताओं की भीड़ ने पुलिस की ओर से लगाई गई बैरीकेडिंग हटाने का प्रयास करते हुए जब भीतर घुसने की कोशिश की तो पुलिस को उनको खदड़ने के लिए बल प्रयोग करना पड़ा जिसके तहत कार्यकर्ताओं पर पुलिस के वाहन से पानी की बौछारे फेंककर कार्यकर्ताओं को दूर तक खदेड़ दिया। पुलिस की इस कार्रवाई में किसी को चोट आने की अब तक जानकारी नहीं मिली है।

# पुलिस उप-निरीक्षक ने विवाहित महिला कांस्टेबल की अस्मत लूटी

मुंबई। महाराष्ट्र के नवी मुंबई में एक विवाहित महिला कांस्टेबल के साथ रूप से बलात्कार करने के आरोप में 32 वर्षीय एक पुलिस उप.निरीक्षक के खिलाफप्राथमिकी दर्ज की गई है। यह जानकारी एक अधिकारी ने रविवार को दी।सानपाड़ा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफभारतीय दंड संहिता की धारा 376 बलात्कार 376 2एन, बार-बार बलात्कार 354, यौन उत्पीड़न 354 डी ;पीछा करना 506 ;2 ;आपराधिक धमकी और 420 ;धोखाधड़ी के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि अपराध 2020 और जुलाई 2022 के बीच सानपाड़ा क्षेत्र में किया गया था। अधिकारी ने कहा कि पुलिस के अनुसार आरोपी की 26 वर्षीय पीड़िता से दोस्ती हुई थी और उसने का झांसा देकर सानपाड़ा के एक फ्लैट में कई बार पीड़िता के साथ कथित रूप से बलात्कार किया।आरोपी ने किसी न किसी बहाने से पीड़ित से 19 लाख रुपए लिए और केवल 14.61 लाख रुपए लौटाए। अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने महिला का पीछा किया और उसे अपने पति को छोड़ने के लिए कहा लेकिन ऐसा नहीं करने पर उसने उसे जान से मारने की धमकी दी।

# गदर 3 में काम करना चाहती है अमीषा पटेल

मुंबई। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री अमीषा पटेल गदर 3 में काम करना चाहती है। अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी ब्लॉकबस्टर फिल्म गदर एक प्रेम कथा वर्ष 2001 में प्रदर्शित हुई थी। इस फिल्म में सन्नी देओल और अमीषा पटेल ने मुख्य भूमिका निभाई। पिछले वर्ष गदर रू एक प्रेम कथा की सीक्वल गदर 2 प्रदर्शित हुई। अब अनिल शर्मा गदर 3 बना रहे हैं। सन्नी देओल ने हाल ही में गदर 3 की अनाउंसमेंट की है।अमीषा पटेल ने हाल ही एक आस्क मी एनीथिंग सेशन ट्विटर यानी एक्स पर किया। अमीषा ने यहां अपनी आने वाली फिल्मों के बारे में बातें की। अमीषा पटेल ने कहा कि वह गदर-3 में काम करना चाहती हैं। उन्होंने बताया कि निर्देशक अनिल शर्मा उनके लिए फैमिली के जैसे ही हैं। उन्होंने कहा कि हमारे रचनात्मक मतभेद फिल्म की बेहतरी के लिए हैं लेकिन एक-दूसरे के प्रति हमारा सम्मान और लगाव इन सबसे कहीं अधिक गहरा है इसलिए हां यदि हम एक ही पृष्ठ पर हैं तो निश्चित रूप से गदर 3 में खुशी से काम करेंगे। अमीषा पटेल ने अपनी हिट फिल्म हमराज के बारे में कहा कि यह अभी पाइपलाइन में हैं। अब्बास मस्तान इसकी स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं।



# कोरबा में मां को वीडियो कॉल कर बेटा फांसी के फंदे पर झूल गया

कोरबा। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में शनिवार को वीडियो कॉल कर मां के सामने उसका बेटा फांसी के फंदे पर झूल गया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि परिवारिक विवाद के कारण युवक ने यह कदम उठाया है।यह घटना बांकी मोंगरा क्षेत्र की है जहां हंस राज कोसले ;28 ने बांकी मोंगरा थाना क्षेत्र के गजरा डबल स्टोरी कॉलोनी स्थित आवास में फांसी लगाकर आत्महत्या की है।मृतक की मां ने अपनी बहू और उसके परिजनों पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें ही अपने बेटे की मौत का जिम्मेदार ठहराया है। फिलहाल इस पूरे मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच कार्रवाई शुरू कर दी है।

# रामलला के दरबार में शीश नवाने अयोध्या पहुंची हरियाणा सरकार



अयोध्या। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सोमवार को यहां श्रीरामलला के मंदिर में दर्शन पूजन किया। इस दौरान हरियाणा के विधानसभा अध्यक्षए कैबिनेट के मंत्री और विधायक भी मौजूद रहे। इससे पूर्व नायब सैनी ने श्री राम जन्मभूमि न्यास और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास से मिलकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर हरियाणा से आए अतिथियों की सुरक्षा व्यवस्था के चाक.चौबंद इंतजाम किए गए थे। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए गए थे। एयरपोर्ट पर प्रदेश के राज्य मंत्री सतीश शर्मा व अयोध्या के मेयर गिरीशपति त्रिपाठी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हमारे लिए यह गौरव का क्षण है। हमारी संस्कृति हमारी आस्था के प्रतीक भगवान श्री राम का यह भव्य और दिव्य मंदिर 500 वर्षों के बाद हमें देखने को मिला है। हमें एक अलग ऊर्जा भगवान श्री राम के दर्शन करने से मिलती है।उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यहां श्रीराम का भव्य और दिव्य धाम तैयार हो रहा हैं। अयोध्या में हो रहा विकास एक मॉडल के रूप में हम सबके सामने है। उन्होंने कहा कि अयोध्या हमारी संस्कृति और आस्था का केंद्र बिंदु है।इससे पहले नायब सैनी ने सरयू के दर्शन भी किए और हनुमानगढ़ी में पूजन.अर्चन किया। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा जा रहा है। आने वाले विधानसभा चुनाव में एक बार फिर भाजपा बहुमत के साथ हरियाणा की सत्ता में आएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा में हम तीसरी बार सरकार बनाएंगे।

नरेंद्र मोदी का जो सपना है कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है उसमें हरियाणा भी अपनी भूमिका निभाएगा। हरियाणा सरकार द्वारा दिल्ली को पानी न दिए जाने के आम आदमी पार्टी के आरोप पर जवाब देते हुए नायब सैनी ने कहा कि दिल्ली को जितना पानी चाहिए हरियाणा उतना पानी दे रहा है। केजरीवाल सरकार का मैनेजमेंट सही नहीं हैए उनका ध्यान केवल भ्रष्टाचार पर है। उन्हें भ्रष्टाचार से ध्यान हटाकर आम जनता की सेवा करनी चाहिए।

# राजस्थान कांग्रेस ने विधानसभा उपचुनाव के लिए समिति का गठन किया

जयपुर। राजस्थान में लोकसभा चुनाव के बाद राजस्थान में रिक्त हुए पांच विधानसभा क्षेत्रों में आगामी उप चुनाव की तैयारी के लिए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए चार सदस्यीय समितियों का गठन किया है।राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने रविवार को कहा कि इन समितियों द्वारा ब्लॉकए मण्डल एवं बूथ कांग्रेस समितियों की बैठक करके क्षेत्र के जमीनी कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जमीनी स्तर पर संगठन का मतदाताओं से संवाद एवं जुड़ाव के लिए कार्य योजना बनाकर विधानसभा उप चुनावों में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए रूपरेखा तैयार की जाएगी।

चतुर्वेदी ने बताया कि झुन्झुनु के लिए गठित समिति में सांसद बृजेन्द्रसिंह ओला, महासचिव रामसिंह कस्वां. जिलाध्यक्ष दिनेश सूण्डा, विधायक मनोज मेघवाल को शामिल किया गया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र दौसा के लिए गठित समिति में सांसद मुरारीलाल मीणा, महासचिव पुष्पेन्द्र भारद्वाज, जिलाध्यक्ष रामजीलाल ओड, विधायक रफीक खान, विधानसभा क्षेत्र देवली.उनियारा में सांसद हरीश मीणा, महासचिव प्रशांत शर्मा, जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा और विधायक विकास चौधरी को शामिल किया गया है।चतुर्वेदी ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र खींवसर में जिलाध्यक्ष जाकिर हुसैन गैसावत, विधायक डूँगरराम गेदर, प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक हेमसिंह शेखावत, राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अभिषेक चौधरी एवं विधानसभा क्षेत्र चौरासी में उपाध्यक्ष रतन देवासी, जिलाध्यक्ष वल्लभराम पाटीदार, विधायक पुष्करलाल डांगीए पूर्व विधायक रामलाल मीणा को शामिल किया गया है।

# सोनाक्षी-जहीर ने मुंबई में मनाया अपनी शादी का रिसेप्शन



नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और अभिनेता जहीर इकबाल ने अपनी शादी का जश्न मुंबई के दादर स्थित बास्टियन में एक भव्य रिसेप्शन के साथ मनाया। रविवार को शादी के बंधन में बंधे इस जोड़े ने एक भव्य कार्यक्रम की मेजबानी की जिसमें काजोल, सलमान खान, रेखा, अनिल कपूर सहित कई बॉलीवुड हस्तियां शामिल हुईं।

रिसेप्शन में कई लाइव म्यूजिक की व्यवस्था की गई थी जिसमें लोकप्रिय गायक हनी सिंह का प्रदर्शन भी शामिल था। सोनाक्षी और जहीर एक साथ मैचिंग आइवरी पोशाकें पहनकर पोज़ देते हुए और मेहमानों से मुलाक़ात करते दिखे। शाम का मुख्य आकर्षण एक विशाल सफेद शादी का केक था जो फूलों के डिजाइन से सजाया गया था। जहीर इस जश्न में सोनाक्षी के लिए तेरे मस्त मस्त दो नैन गाते हुए दिखे।

फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा ने अपनी बेटी की पसंद के लड़के से शादी करने के बारे में कहा कि 44 साल पहले मैंने अपनी पसंद की बेहद सफल बेहद खूबसूरत बेहद प्रतिभाशाली लड़की पूनम सिन्हा से शादी की थी। अब अपनी पसंद के लड़के से शादी करने की बारी मेरी बेटी की है। इस मौके पर अभिनेत्री काजोल उत्सव का आनंद लेते जोड़े के साथ नाचते जश्न मनाते और सोनाक्षी के गाल को चूमते और गले मिलते दिखी। हनी सिंह के अंग्रेजी बीट् के प्रदर्शन ने नवविवाहितों सहित पूरे मेहमानों को नाचने पर मज़बूर कर दिया। एक अन्य वीडियो में सोनाक्षी और जहीर को छैया छैया पर नाचते हुए दिखाया गया जिसमें जहीर सफेद शेरवानी में सोनाक्षी के साथ कदम मिलाते हुए नजर आ रहे थे।अतिथि सूची में फिल्म उद्योग से कई प्रमुख नाम शामिल थे जिनमें तब्बू, चा चड्ढा आयुष्मान खुराना, अदिति राव हैदरी और रवीना टंडन शामिल थीं। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की शादी का उत्सव सप्ताह की शुरुआत में 20 जून को एक इनडोर पार्टी और 21 जून को मेहंदी समारोह के साथ शुरू हुआ। रिसेप्शन के दिन सोनाक्षी ने इंस्टाग्राम पर अपने पति जहीर इकबाल के साथ एक दिल छू लेने वाली तस्वीर पोस्ट की। उन्होंने फोटो के कैप्शन में लिखा कि आज ही के दिन सात साल पहले 23.06.2017 हमने एक.दूसरे की आंखों में प्यार देखा और इसे बनाए रखने का फैसला किया। आज प्यार ने हमें सभी चुनौतियों के बाद भी मार्गदर्शन किया है और आज हम हमारे दोनों परिवारों और हमारे दोनों देवताओं के आशीर्वाद से अब से लेकर हमेशा तक एक-दूसरे के साथ प्यार के सच्चे बंधन में बांध गए हैं।

# अजमेर में व्यापारी का अपहरण करने के मामले में तीन बदमाश अरेस्ट

अजमेर। राजस्थान में अजमेर पुलिस के विशेष दल एवं रामगंज थाना पुलिस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करके एक व्यापारी का अपहरण करके फिरौती वसूलने के मामले पर्दाफाश करते हुए मुख्य आरोपी सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है।अजमेर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक. डॉ. दुर्ग सिंह राजपुरोहित ने रविवार को पत्रकारों को बताया कि 19 जून को रामगंज थाना क्षेत्र में प्लास्टिक करोबारी नरेश मनकानी का आरोपियों ने बंदूक की नोक पर दिनदहाड़े अपहरण करके फिरौती के रूप में 20 लाख रुपए वसूल लिए और उसे क्षेत्र में ही जंगल में पटक कर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि इस मामले को पुलिस ने काफी गंभीरता से लिया और विशेष पुलिस दल का गठन करके आरोपियों की तलाश शुरु कर दी। पुलिस ने करीब 350 सीसीटीवी फुटेज को खंगालकर आरोपियों की पहचान कर ली। बाद में दबिश देकर उन्हें दबोच लिया। साथ ही फिरौती की राशि से खरीदी गई कार भी जब्त कर ली।राजपुरोहित ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में कूका के नाम से कुख्यात सलमान चीता 24 और साजन चीता 25 दोनों ही रामगंज थाना क्षेत्र के हैं जबकि फिरोज मेहरात 25 ब्यावर का है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।



# पर्यावरण मित्र टीम ने गुलाब बाड़ी मोक्ष धाम में रोपे 25 पौधे

अजमेर। संत श्री उत्तम राम शास्त्री के सान्निध्य व विधायक अनिता भदेल की उपस्थिति में पर्यावरण मित्र टीम ने कल्याणी पुरा गुलाब बाड़ी मोक्ष धाम में वृक्ष प्रेमी पंकज शर्मा और मनोहर सिंह के मार्गदर्शन में आज 25 पौधे रोपे। पौधों की सार संभाल का जिम्मा लेखराज दगदी, चेतन भाटी व अनिल सोनी ने लिया।



छायादार वृक्ष के साथ बेलपत्र जामुन, आंवला, जंगल जलेबी, सीताफल आदि फलों के वृक्ष लगाए गए। फलों के वृक्ष लगाने का उद्देश्य मनुष्य के साथ.साथ भविष्य में जीव जंतुओं को भी भोजन प्राप्त होना रहा। आज वन्य जीव जंतु जो भोजन और पानी की तलाश में शहरों की तरफआकर्षित हो रहे हैं।पर्यावरण मित्र टीम ने वन्य क्षेत्र, दूरस्थ खाली मैदान, एकांत स्थानों पर ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया। प्लांट फॉर मदर अभियान के तहत लोगों ने अपनी माता के नाम पेड़ लगाकर धरती माता को समर्पित किया। अपने परिवारजनों की खुशहाली एवं स्मृति में भी लोगों ने वृक्ष लगाए। इस मौके पर भूपेश टांक, अंजीत टांक, मनीष सतरावाला, अशोक महावर, आशु महावर, मुकेश सतरावला, हेमा सतरावला आदि वृक्ष प्रेमी उपस्थित रहे।






# गोवा में वैश्विक हिन्दू राष्ट्र महोत्सव में देश-विदेश से जुटे 450 हिन्दू संगठनों के प्रतिनिधि





पणजी। सनातन धर्म शब्दप्रमाण पर आधारित है क्योंकि हमारे ऋषि.मुनियों ने जो वास्तव में अनुभव किया उसे ही शब्द मान लिया है। हमें भी इस शब्दप्रमाण को अनुभव करने का प्रयास करना चाहिए। रामायण-महाभारत आदि में सैकडों खगोलीय संदर्भ हैं। अमरीका कैनेडा के 500-600 विश्वविद्यालयों में इन ग्रंथों का अध्ययन किया जाता है। यद्यपि विज्ञान ने यूरोप में बहुत प्रगति की है परंतु विदेश में यह ज्ञान भारत से ही ले जाया गया है। अमरीका के इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस साइंस के डॉ. नीलेश नीळकंठ ओक ने स्पष्ट कहा है कि पश्चिमी लोगों ने भारत के समृद्ध ग्रंथों का अनुवाद करके ही आधुनिक विज्ञान में प्रगति की है। ओक श्री रामनाथ देवस्थान फोंडा गोवा में वैश्विक हिन्दू राष्ट्र महोत्सव के उद्घाटन पर विश्वगुरु भारत का बलस्थानरू सनातन हिन्दू धर्म विषय पर बोल रहे थे।

महोत्सव में इंडोनेशिया से रस आचार्य डॉ.धर्मयश, अफ्रीका निवासी इस्कॉन के श्रीवास दास वनचारी, इंटरनेशनल वेदांत सोसायटी के महामंडलेश्वर नर्मदा शंकरपुरीजी महाराज, स्वामी निर्गुणानंद पुरीजी, श्री स्वामी अखंडानंद गुरुकुल आश्रम के संस्थापक महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी प्रणवानंद सरस्वतीजी, संत रामज्ञानीदास महात्यागी महाराजजी, संतोष देवजी महाराज, अखिल भारतीय संत समिति धर्म समाज के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष महंत डॉ. अनिकेत शास्त्रीजी, स्वातंर्त्यवीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक के कार्याध्यक्ष रणजीत सावरकर, महाराष्ट्र में वारकरी संप्रदाय के संतवीर हभप बंडातात्या कराडकर समेत देश.विदेश से 450 से अधिक हिन्दू संगठनों के प्रतिनिधि शिरकत कर रहे हैं।


सनातन धर्म पर लगे आरोपों का जवाब देगा हिन्दू विचारक संघ पिंगळेः-इस वर्ष के लोकसभा चुनाव में पाकिस्तान की आईएसआई से संबंध रखने वाले खालिस्तानी नेता अमृतपाल सिंह और कश्मीर में आतंकवादियों की आर्थिक सहायता करने वाले रशीद इंजीनियर जैसे राष्ट्रविरोधी और अलगाववादी जेलों से चुनाव लडकर जीते हैं। धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र का इस्तेमाल कर ऐसे अलगाववादियों को चुनना देश के लिए खतरनाक है। हिन्दू राष्ट्र सनातन धर्म को निशाना बनाकर कई झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। ऐसे समय में हिन्दुओं में असमंजस की स्थिति है। अतरू इन आरोपों का उत्तर देने के लिए हिन्दू विचारक संघ का गठन किया गया है। इस अवसर पर हिन्दू जनजागृति समिति के राष्ट्रीय मार्गदर्शक चारुदत्त पिंगळे ने जोर देकर कहा कि वामपंथियों द्वारा प्रचारित किए जाने वाले विभिन्न नैरेटिव, टूल किट, मीडिया और राजनेताओं द्वारा प्रचारित किए जाने वाले विभिन्न तथ्यों को उचित साक्ष्यों के आधार पर हिन्दू विचारक संघ द्वारा खारिज कर दिया जाएगा। इस अवसर पर स्वामी प्रणवानंद सरस्वती ने धर्मांतरण रोकने के लिए आदिवासी क्षेत्रों में किए गए कार्य विषय पर बोलते हुए कहा कि भारत की आजादी के बाद से हमें धार्मिक शिक्षा और नैतिकता की शिक्षा नहीं दी गईए आज बडी संख्या में हिन्दू नास्तिक बन गए हैं।

आज धार्मिक शिक्षा के अभाव के कारण बहुत से हिन्दू धर्म परिवर्तन कर चुके हैं। इसलिए भविष्य में यह जरूरी है कि हम गरीबों और आदिवासियों से मिलें। यदि ऐसा हुआ तो कम से कम अगली पीढी धर्मांतरण से बच जाएगी। स्वातंर्त्यवीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक के कार्यकारी अध्यक्ष रणजीत सावरकर ने हिन्दू टू हिन्दू व्यवसाय को बढावा विषय पर मार्गदर्शन करते हुए कहा कि अब लडाई पारंपरिक नहींए बल्कि आधुनिक है। इनमें आर्थिक हथियार सबसे महत्वपूर्ण है। इसलिए हलाल सर्टिफिकेशन के जरिए मुसलमानों द्वारा बनाई गई समानांतर अर्थव्यवस्था का जवाब देने के लिए हिन्दू संगठनों की पहल पर हिन्दू दुकानदारों को ओम शुद्ध प्रमाणपत्र देना शुरू किया गया है। अभियान की शुरुआत त्र्यंबकेश्वर ;नासिक से की गई है। हिन्दू दुकानदारों को प्रसाद शुद्धि के लिए इस प्रमाणपत्र का वितरण शुरू हो गया है।श्रृंगेरी स्थित दक्षिणम्नाय श्री शारदा पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य भारतीतीर्थ महास्वामीजी के उत्तराधिकारीए जगद्गुरु शंकराचार्य विधुशेखर भारती महाराजजी ने वैश्विक हिन्दू राष्ट्र महोत्सव के अवसर पर एक आशीर्वाद संदेश भेजा है। इस संदेश में उन्होंने कहा कि सनातन धर्म सर्वश्रेष्ठ है और इसका ज्ञान प्राप्त करना चाहिए साथ ही सनातन धर्म की रक्षा के लिए सभी को संगठित होना चाहिए ऐसी अपील उन्होंने की। इस अवसर पर सनातन संस्था के संस्थापक सच्चिदानंद परब्रह्म डॉ. जयंत आठवलेजी द्वारा दिया गया संदेश सद्गुरु सत्यवान कदम ने पढा। इस सन्देश में उन्होंने यह ध्यान में रखकर धर्म संस्थापना का महान कार्य करने का आवाहन किया कि सर्वस्व का बलिदान ही हिन्दू राष्ट्र की स्थापना का आधार है।

पुस्तकों का प्रकाशनः-इस अवसर पर मान्यवरों ने दो मराठी ग्रंथ साधना के रूप में रोगी की देखभाल कैसे करें तथा अध्यात्मशास्त्र के विभिन्न विषयों का बोध साथ ही पुण्य और पाप के प्रकार और प्रभाव और पाप के प्रभाव को दूर करने के लिए प्रायश्चित पर दो तेलुगु ग्रंथ तथा गुरु का महत्व यह तमिल पुस्तक लोकार्पित की गई।

# AFMS Officers Make History at 43rd World Medical & Health Games

Four Armed Forces Medical Service (AFMS) Officers have brought laurels to India by clinching a record 32 Medals in the 43rd World Medical and Health Games held in Saint-Tropez, France, from 16 to 23rd June 2024. These Officers, namely Lt Col Sanjeev Malik, Maj Anish George, Capt Stephen Sebastian, and Capt Dania James, made history by winning 19 Gold Medals, 09 Silver Medals and 04 Bronze Medals in the in World's largest sports event for health professionals.



The breakdown of the victories are as follows: Lt Col Sanjeev Malik VSM, Five Gold Medals (Above 35yrs Male Category) – Events: 800m, 1500m, 3000m, 5000m, Cross Country and 4x100m Relay. Maj Anish George, Four Gold, Six Silver and Two Bronze Medals (Under 35 yrs Male Category) – Events: 100m, 200m, 400m, 800m, 1500m, 5000m, Javelin, Shotput, Discus Throw, Hammer Throw and Power Lifting. Capt Stephen Sebastian, Six Gold Medals (Under 35 yrs Male Category) – Events: 100m, 200m, 400m, Long Jump, Hammer Throw and 4x100m Relay. Capt Dania James, Four Gold, Three Silver, Two Bronze Medals (Under 35 yrs Female Category) Events: 100m, 200m, 4x100 Relay, Javelin, Discus Throw, Shot Put, Badminton Solo, Badminton Doubles and Powerlifting.

The DGAFMS Lt Gen Daljit Singh has congratulated the Officers for the spectacular performances and wished them more laurels in the future.The World Medical and Health Games, often regarded as the Olympic Games for Health Professionals, has evolved into the most prestigious global sporting event within the medical community. With a legacy dating back to 1978, the Games annually attract over 2500 participants from more than 50 different nations. The performances by the Indian Armed Forces Medical Services Officers not only highlight their excellence but also showcase the dedication of healthcare professionals globally, blending their medical expertise with athletic achievements.

This will inspire thousands of Doctors and Nurses across the length and breadth of the country to be ambassadors of fitness, too.

## कड़ैल गर्ल्स स्कूल भवन निर्माण के लिए 449 लाख रुपए स्वीकृत

अजमेर। राजस्थान के जल संसाधन मंत्री एवं पुष्कर विधायक सुरेश सिंह रावत ने समग्र शिक्षा से कड़ैल बालिका विद्यालय भवन निर्माण के लिए 449 लाख रुपए स्वीकृत कराए हैं।रावत ने बताया कि अजमेर के निकटवर्ती पुष्कर से लगते कड़ैल गांव एवं आसपास के गांवों की छात्राओं को विद्यालय भवन के अभाव में अध्ययन में परेशानी आ रही थी। इसको गंभीरता से लेते हुए समग्र शिक्षा स्कूल शिक्षा विभाग से विद्यालय के भवन निर्माण के लिए 449 लाख स्वीकृत कराए हैं।

उन्होंने बताया कि इस राशि से विद्यालय भवन निर्माण फर्नीचर, स्मार्ट क्लास रूमए बिजली, पानी जैसी समस्त अत्याधुनिक मूलभुत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। रावत ने कहा कि पुष्कर विधानसभा क्षेत्र के सभी विद्यार्थी चाहे वो बालक हो या बालिका सभी को समान शिक्षा मिलेइसके लिए वह प्रतिबद्ध हैं।

## अमरापुर सेवा घर की लाईब्रेरी में पुस्तकें व सामग्री भेंट

अजमेर। ताराचंद हुंदलदास खानचंदानी सेवा संस्था श्री अमरापुर सेवा घर प्रगति नगर कोटड़ा में सिंधी समाज महासमिति की ओर संचालित सिंधु इतिहास एवं साहित्य शोध संस्थान को सिविल सर्विस व अन्य प्रतियोगिताओं के लिए पुरानी पुस्तकें व आवश्यक साम्रगी आरबी अग्रवाल ने भेंट की।

संस्था के अध्यक्ष कंवल प्रकाश किशनानी ने बताया कि लाईब्रेरी में विभिन्न प्रतियोगिताओं से संबंधित पुस्तकें उपलब्ध है। प्रतियोगिता परीक्षा आईएसए आरएएस व एसएससी बैंक इत्यादि की तैयारी करने वाले विद्यार्थी सचिव शंकर बदलानी से संपर्क कर अपने आधार कार्ड की फोटो कॉपी जमा करा कर पुस्तकें अध्ययन के लिए निःशुल्क प्राप्त कर सकते है। आवश्यकता पूर्ण होने पर पुस्तकें पुनरू जमा करानी होगी।

**समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-**

मो. +91 9887907277, 7737385114

Email ID sabgurunews@gmail.com

अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.

जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.

# माली समाज के वैवाहिक परिचय सम्मेलन की सफलता के लिए श्रीगणेश को निमंत्रण

अजमेर। ज्योतिबा फुले सैनी मालियान एकता समिति अजमेर से तत्वावधान में आगामी 7 जुलाई को प्रस्तावित वैवाहिक परिचय सम्मेलन की सफलता के लिए संस्था पदाधिकारियों ने प्रथम पूज्य गजानंद जी महाराज को कार्यक्रम का निमंत्रण-पत्र भेंट कर आयोजन की सफ्लता की अर्जी लगाई।



आयोजन समिति के सुनील अलूदिया ने बताया कि माली समाज का वैवाहिक परिचय सम्मेलन तोपदड़ा स्थित गढ़वाल पैलेस में 7 जुलाई को होगा। समग्र माली समाज के विवाह-योग्य युवक एवं युवतियों का पंजीकरण चल रहा है। आयोजन को भव्य रूप और इसकी सफ्लता के लिए आगरा गेट स्थित श्री गणेश जी महाराज मंदिर के पुजारी ने विधि. विधान से पूजा कर गणेश महाराज के समक्ष प्रार्थना की अर्जी लगाई।प्रवक्ता प्रदीप कुमार कच्छावा ने बताया कि अजमेर के साथ ही राजस्थान के समस्त जिलों मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली से भी समाज बंधुओं का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। संस्था के पदाधिकारी भी निरंतर प्रवास कर इस बारे में समाज बंधुओं को अवगत करा रहे हैं। सम्मेलन में मंच पर आकर अपना परिचय देने वाली युवतियों को प्रोत्साहन स्वरूप विशेष. उपहार दिया जाएगा। रजिस्ट्रेशन की आखरी तारीख 1 जुलाई 2024 रखी गई है। सम्मेलन के बारे में 09829584648 पर भी संपर्क कर अधिक जानकारी ली जा सकती है।

इस मौके पर ज्योतिबा फुले मालियान एकता समिति के अध्यक्ष अशोक टांक, हेमेंद्र सिंगोदिया, दिलीप गढ़वाल, गोपी किशन जादम, श्याम लाल तंवर, प्रदीप कच्छावा,राज कुमार भाटी, सुनील अलूदिया, वीरेन्द्र चौहान, महेंद्र कच्छावा, कविंद्र कच्छावा, आदित्य सांखला, नेहा अलूदिया, हेमंत इंदौरा, इंदर चंद सिंगोदिया आदि मौजूद रहे।

# पेट्रोल पंप के शौचालय पब्लिक टॉयलेट नहीं

## पेसो ने लगाई रोक पेट्रोल पंप मालिकों को बड़ी राहत

अजमेर। अगर आप किसी पेट्रोल पंप पर टॉयलेट यूज करने जा रहे हैं तो ठहरिए। आप वहां ग्राहक की हैसियत से नहीं आए हैं तो पेट्रोल पम्पकर्मी आपको टॉयलेट का इस्तेमाल करने से रोक सकते हैं। पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन ;पीईएसओ यानी पेसो ने स्पष्ट कर दिया है कि पेट्रोल पंपों पर बने शौचालय सार्वजनिक उपयोग के लिए नहीं है। यह सुविधा केवल ग्राहकों के लिए है। इस आदेश के बाद पेट्रोल पंप संचालकों ने राहत की सांस ली है।

पेट्रोल पंपों पर शुद्ध शीतल पेयजल, शौचालय, हवा भरने और इमरजेंसी में लैंडलाइन टेलीफोन करने की फ्री सुविधा मुहैया कराना पम्प संचालकों के लिए अनिवार्य है। इनमें से किसी भी सुविधा में कमी पाए जाने पर पेट्रोलियम कम्पनी पम्प संचालक पर जुर्माना करती है।

### इसलिए उठा विवाद

पिछले दिनों पुणे नगर निगम पीएमसी ने सभी पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित किया कि वे अपने पम्प पर स्वच्छ भारत अभियान के हिस्से के रूप में अपने पंपों पर सार्वजनिक शौचालयों के संकेतक लगाएं ताकि राह चलते लोग सहजता से उनका उपयोग कर सकें। इसी तरह मुंबई की बीएमसी ने भी दबाव बनाया कि सभी पेट्रोल पंप वॉशरूम को सार्वजनिक शौचालय घोषित किया जाएगा।इस आदेश को लेकर डीलर और अधिकारी आमने-सामने थे क्योंकि डीलरों का मानना था कि इससे सुरक्षा से समझौता हो जाएगा। ऐसे ही मामले में आंध्र प्रदेश की पेट्रोलियम एसोसिएशन ने भी पेसो का दरवाजा खटखटाया।

पेसो ने इसका जवाब देते हुए जनता द्वारा पेट्रोल पंपों पर शौचालयों के उपयोग को प्रतिबंधित कर दिया है। पेसो ने अपने जवाब में बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले का भी हवाला दिया है।

तीन महीने पहले बॉम्बे हाई कोर्ट के जस्टिस ऋषद चागला ने बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के खिलाफ आदेश पारित किया। उसमें स्पष्ट किया कि पेट्रोल पंप स्थित शौचालय सार्वजनिक नहीं हैं। उच्च न्यायालय ने पर्याप्त शौचालयों के निर्माण की अपनी ज़िम्मेदारी को टालने की कोशिश के लिए सरकार को फटकार भी लगाई थी। उधर ऑल इंडिया पेट्रोल डीलर एसोसिएशन के प्रवक्ता अली दारूवाला ने कहा कि पेट्रोल पंप संवेदनशील क्षेत्र हैं। बाहरी लोग शौचालय के अंदर या बाहर धूम्रपान कर सकते हैं और माचिस की तीलियाँ जला सकते हैं। सुरक्षा कर्मियों की आवश्यकता होगी। चौबीसों घंटे शौचालयों की निगरानी करना डीलरों के लिए संभव नहीं है।

### केवल ग्राहकों के लिए सुविधा

पेसो के बयान में कहा गया है कि पेट्रोलियम खुदरा दुकानों में शौचालय उपलब्ध कराने का मूल उद्देश्य केवल उन ग्राहकों के लिए है जो अपने वाहनों में ईंधन भरवाने आते हैं और लाइसेंसधारी से चाबी लेने के बाद आपात स्थिति में सुविधा का उपयोग करते हैं।

## अजमेर में 30 जून से 7 जुलाई तक सम्राट पृथ्वीराज चौहान खेल महाकुंभ

अजमेर। नगर निगम अजमेर व क्रीड़ा भारती के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले सम्राट पृथ्वीराज चौहान खेल महाकुंभ 2024 की तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण बैठक महापौर ब्रजलाता हाड़ा कार्यक्रम संयोजक व उपमहापोर नीरज जैन के नेतृत्व में आयोजित की गई महापौर हाड़ा ने बताया कि खेल महाकुम्भ के माध्यम से खेल को प्रोत्साहन देने व शहर को एक वृहद मंच उपलब्ध करवाने का लक्ष्य लेकर खेल महाकुंभ का आयोजन निगम करता है। इसके लिए खेल अधिकारियों, खेल विशेषज्ञ पार्षदों की कमेटी बनाई गई है।

हाड़ा ने अजमेर के युवाओं से अधिकाधिक खेल महाकुंभ का हिस्सा बनने का आग्रह किया। उपमहापौर जैन ने बताया कि अजमेर की प्रतिभाओं को मंच देने व उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा कई वर्षों से अनवरत खेल महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है जिसमे प्रवेश निशुल्क रहेगा। अजमेर वासियों मे खेलों के माध्यम से खिलाड़ियों मे टीम भावनाएं बढे।

आगामी 30 जून से 7 जुलाई तक विभिन्न स्थानों पर खेल स्पर्धाएं होनी है कबड्डी, बॉलीबाल, बैडमिंटन, हॉकी, शूटिंग, बास्केटबॉल, कुश्ती, लॉन टेनिस, फुटबॉल, बॉक्सिंग, साइकिलिंग, स्विमिंग, योग, खो-खो टेबल टेनिस, स्केटिंग तीरंदाजी आदि खेल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अजमेर रहेगा)